भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3400

शुक्रवार, 01 अप्रैल, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रदूषण मुक्त उद्योगों की स्थापना किया जाना

3400. श्री नीरज डांगी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में प्रदूषण मुक्त उद्योगों की स्थापना करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार प्रदूषण मुक्त उद्योग स्थापित करने में सक्षम है और इनके समक्ष आने वाली बाधाओं को किस प्रकार दूर किया जाता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) से (ग): औद्योगिक विकास की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है। उद्योगों की स्थापना करते समय प्रदूषण नियंत्रण के कानूनों का पालन किया जाता है। केन्द्र सरकार विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा कार्यान्वित उपायों को व्यापक रूप से औद्योगिक विकास में सहायता देती है। इनमें पीएम गतिशक्ति, औद्योगिक कोरिडोर, उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं, अनुपालन बोझ में कमी, मेक इन इंडिया, निवेश मंजूरी प्रकोष्ठ (एनएसडब्ल्यूएस), परियोजना विकास प्रकोष्ठ, भारतीय औद्योगिक भूमि बैंक, एक जिला एक उत्पाद, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति सुधार, बौद्धिक संपदा अधिकार नीति संबंधी सुधार, सरकारी अधिप्राप्ति (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017, स्टार्टअप इंडिया, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों आदि में स्थित इकाइयों के जीएसटी व्यवस्था के तहत बजटीय सहायता की योजना शामिल हैं।

*****